देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत किसान मेला का किया गया आयोजन

इन दिनों देशभर में देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी के तहत दिनांक 26 अप्रैल 2022 को विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (भा० कृ० अनु० परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में कृषि विभाग उत्तराखण्ड सरकार की सहभागिता के साथ किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत किसान मेले का आयोजन किया गया जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश भर के किसानों को संबोधित किया गया जिसका विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (भा० कृ० अनु० परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ द्वारा लाइव टेलीकास्ट किया गया और साथ ही कार्यक्रम आफलाईन मोड में भी आयोजित किया गया |

इस दौरान किसान गोष्ठी, कृषि यंत्र, बीज एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव द्वारा दूर दराज क्षेत्रों से आये हुए किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्राकृतिक कृषि पद्धतियों, मोटे अनाजों, तिलहनी फसलों, बायो फोर्टिफायड फसलों को बढ़ावा देने , पर्वतीय कृषि को एक नयी दिशा देने, कृषि क्षेत्र में नयी तकनीकों के समावेश करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है |

उन्होनें किसानों से कृषि के विकास के लिये वैज्ञानिक तौर तरीकों को अपनाने एवं बढ़ावा देने की बात कही साथ ही कृषकों के सम्मुख आ रही समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु सुझाव भी साझा किये | मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ रजनीश सिंह ने उद्यान विभाग द्वारा किसानों के हित में संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में तथा कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, उत्तरकाशी श्री सचिन कुमार ने फसल बीमा योजना के बारे में किसानों कों जानकारी दी| इस अवसर पर केंद्र में कृषक गोष्ठी का आयोजन करने के साथ ही कृषक वैज्ञानिक संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कृषको ने अपनी बात और क्षेत्र में हो रही समस्याओ को वैज्ञानिकों के सम्मुख रखा और इन समस्याओ के उचित समाधान एवं केंद्र में चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जाना || कार्यक्रम के दौरान निकरा परियोजना के अंतर्गत कृषकों को आगामी सीजन में बोई जाने वाली सब्जियों के बीज एवं पौध भी वितरित किये गये | विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, अल्मोड़ा (भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद) द्वारा उत्तरकाशी जिले के विकासखंड डुंडा स्थित ग्राम जखारी में कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड के सहयोग से चलायी जा रही अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत केन्द्र द्वारा अन्त्योदय एवं बी पी एल परिवारों को वी एल पैडी थ्रेशर, मंडुआ थ्रेशर, कुदाल, खुरपी, दराती, गार्डन रैक, लाईन मेकर समेत कई छोटे बड़े कृषि यंत्र दिये गये | यह योजना अनुसूचित जाति के पिछड़े एवं कमजोर तबके के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है | कार्यक्रम में केंद्र

से डॉ पंकज नौटियाल, नीरज जोशी,   रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम ,राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड के प्राध्यापक डा अशोक कुमार अग्रवाल कृषि विभाग के श्री लाल सिंह वर्मा, श्री यशपाल राणा, श्री मनोज सिंह भट्ट तथा क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों समेत 200 से अधिक लोग मौजूद रहे |